

## एक नजर में

### हैप्पीनेस डे की खुशगवार झलक संगिनी संग




**मंदसौर।** हैप्पीनेस डे संगिनी जैन सोशल ग्रुप द्वारा मनाया गया। हैप्पीनेस डे सच में दिल को छू लेने वाला और यादगार रहा। हर चेहरे पर मुस्कान, हर पल में अपनापन और हर हंसी में सच्ची खुशी झलक रही थी। हाऊजी, इमोजी गेम और हल्के-फुल्के क्वेश्चन ने माहौल को और भी यादगार बना दिया। हंसी-मजाक, मस्ती और छोटी-छोटी व्यंगात्मक कविताओं ने इस दिन को और खास बना दिया, सच में ऐसे ही पल जिदगी को खूबसूरत बनाते हैं जहाँ हम मिलते हैं, खिलते हैं और दिल से खुशियाँ बाँटते हैं। जय संगिनी जय खुशियाँ स्लोगन ने सम्बन्ध दिया। संगिनी अध्यक्ष मिता पचौरी ने स्वागत भाषण दिया। संचालन प्रवक्ता कविता लो?ा ने किया, आभार मंजू रांका माना।

### मंदसौर सेन समाज का होली मिलन समारोह और जिला बैठक कल

**मंदसौर।** जिला सेन समाज के तत्वा वधान में सामाजिक समरसता एवं एकता की भावना को लेकर स्थानीय संजय गाँधी उद्यान में दिनांक 24 मार्च 2026 मंगलवार को प्रात:11 बजे से होली मिलन समारोह एवं जिला बैठक का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला सेन समाज संगठन के जिलाअध्यक्ष जितेन्द्र गेहलोद एवं युवा संगठन के जिलाध्यक्ष संजय चौहान ने बताया कि बैठक में होली मिलन समारोह के कार्यक्रम एवं आगामी 14 अप्रैल 2026 मंगलवार को हम सबके आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाने एवं आगामी समय में मन्दसौर जिला सेन समाज संगठन के निर्वाचन के संदर्भ में भी विचार विमर्श किया जायेगा। *विशेष जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने बताया कि जिला सेन समाज द्वारा दिनांक 31 मार्च को किसी भी प्रकार का कोई निर्वाचन नहीं रखा गया है। .उन्होंने समस्त समाजजनों से अनुरोध किया है दिनांक 24 मार्च को आयोजित होने वाली बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करें।

### कुमावत समाज मनाएगा भगवान श्रीराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से

**मंदसौर।** इस वर्ष भी क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज द्वारा इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव हर्षौल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। राम नवमी के पूर्व संध्या 25 मार्च को विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। 26 मार्च को सुबह शोभायात्रा निकलेगी।कुमावत समाज अध्यक्ष राधेश्याम कुमावत (बरानिया) ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज द्वारा हर वर्ष कुमावत समाज के आराध्य देव भगवान श्री राम जन्मों उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी यह पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राम नवमी से पूर्व संध्या 25 मार्च 2026 बुधवार को वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली नरसिंहपुरा श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होगी जो रामटेकरी, श्री कोल्ड चौराहा, संजीत रोड, महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा, नई आबादी, सरदार पटेल चौराहा, गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर होते हुए नयापुरा रोड से पुन: नरसिंहपुरा श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी जहां रैली का समापन होगा। वही 26 मार्च गुरुवार को सूरज की पहली किरण के साथ भगवान श्री राम अभिषेक हवन पूजन होगा। इसके पश्चात प्रात: 8 बजे से शोभायात्रा निकलेगी। इसमें समाज की महिलाएं व पुरुष सहभागिता करेंगे। शोभायात्रा नरसिंहपुरा श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर रामटेकरी, महाराणा प्रताप चौराहा, सरदार पटेल चौराहा, गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड होते हुए नरसिंहपुरा श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी जहां प्रभु श्री राम की महाआरती सम्पन्न होगी।

## शहीद दिवस : दशपुर जागृति संगठन करेगा मशाल प्रज्वलन

- गांधी चौराहे पर तीन मशालें जलाकर लिया जाएगा राष्ट्रसेवा का संकल्प, हेमू कालानी जयंती पर भी होगा कार्यक्रम




**मंदसौर।** देश की आजादी के महानायक और अमर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस 23 मार्च के अवसर पर दशपुर जागृति संगठन द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संगठन द्वारा गांधी चौराहे पर तीन मशालें प्रज्वलित कर महान क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान भगत सिंह के अंतिम पत्र का वाचन भी किया जाएगा, साथ ही उनके क्रांतिकारी विचारों और कार्यों को स्मरण कर युवाओं को प्रेरित किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10.30 बजे गांधी चौराहे पर संपन्न होगा, जिसमें संगठन के पदाधिकारी, सेवाभावी सहयोगी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष बालूसिंह सिसोदिया, कोषाध्यक्ष आरसी पांडे, अरुण गोड़, महेश शर्मा एवं रविंद्र पांडे ने बताया कि संगठन निरंतर समाज में जागरूकता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा लंबे समय से क्रांति चौराहे का नाम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के नाम पर रखने की मांग की जा रही है, जिसके लिए नगर पालिका को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने बताया कि संगठन पिछले 16 वर्षों से समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय है और अब इसकी विचारधारा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भी निरंतर आवाज उठाता रहेगा और भ्रष्टाचारियों की जांच की मांग करता रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। उल्लेखनीय है कि इसी दिन प्रात: 10 बजे संगठन द्वारा गोल चौराहे पर क्रांतिकारी हेमू कालानी की जयंती भी मनाई जाएगी, जिसके पश्चात सभी सदस्य गांधी चौराहे पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर ने लगाया एनएसएस शिविर

- रेड रिबन क्लब के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**मंदसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अंतर्गत एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन ग्राम मोहम्मदपूरा (मैनपुरिया) के पंचायत भवन में रेड रिबन क्लब पहल के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के दौरान स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों और स्थानीय समुदाय को एचआईवी/एड्स की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली और इस बीमारी से जुड़े कलंक को समाप्त करने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत आज के विशेष अतिथि डॉ. राजेश रजक द्वारा एक जानकारीपूर्ण सत्र से हुई, जिसमें उन्होंने एचआईवी/एड्स के कारणों, इसके फैलने के तरीकों और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सुरक्षित व्यवहार अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सही जानकारी फैलाने के महत्व पर जोर दिया ताकि गलतफहमियों को दूर किया जा सके। सत्र में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया कि वे जागरूकता फैलाने और प्रभावित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता व सहानुभूति दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली, नारा लेखन और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया, ताकि ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाई जा सके। रैली आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरी, जिसमें स्वयंसेवकों ने सुरक्षित स्वास्थ्य आदतों को बढ़ावा देने और बिना डर जांच कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया। डॉ. राजेश रजक जिला चिकित्सालय मंदसौर की एड्स नियंत्रण समिति के सदस्य हैं।

## फर्जी एग्रीमेंट-सरकारी जमीन बिक्री के कामों पर प्रशासन लगाए रोक : पारिख

**मंदसौर।** नगर सहित जिले में जमीन संबंधित और लेन-देन आधारित व्यापार व्यवसाय में उधारी, समझौता, अनुबंध समाप्ति तथा उधार व्यापार व्यवसाय तथा विश्वास आधारित लेनदेन पर शातिर तथा लूट की नियत से चेक पकडा दिये जाते है। जो धनादेश (चेक) खाता बंद करके खाते में बैलेंस न रखकर तथा अन्य कारणों से बाउंस हो जाते हैं बेकिंग निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 धारा 139 की कमीयो का लाभ उठाकर दावा तामिल, जमानती धारा अपराध होने सें 30-30 साल तक केस चल रहें है, जो सरासर खुली लुट है। पुलिस प्रशासन तामिलों में तेजी लाएं तथा गिरफ्तारी और प्रकरणों को जल्द निपटाने की कार्यवाही होना चाहिए इस आशय की मांग जन जागरण अभियान के संस्थापक अध्यक्ष मनीष पारीख सर ने की है।

शातिर जमीन संबंधित दलाल भूमाफिया एग्रीमेंट आधारित रजिस्ट्री नहीं करा रहे है। और लेने देन में गांव गरिब किसान की जमीने बेच कर चेक पक?ा रहें है। दलालो की चांडाल चौक?ी एग्रीमेंट का झुनझुना लेकर ऐसे कमाल कर रही है। जमीन बिक जाती है दलालों के चेक लेकर बेचवाल कोर्ट कचहरी थाना पुलिस करता रहता है। अनुबध पत्रों की शर्ते एवं लिखा प?ी को आधार बनाकर चेक पक?ा दिये जाते है जो लगातार बांउस हो रहे है। इसी तरह फर्जी एमएलएम कम्पनीयॉ भी कार्पोरेट आफिस बनाकर बड़े- बड़े सपने दिखाकर जमीन ऐग्रीमेंट और चेक का खेल खेल रही है। मंदसौर नगर के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में पचायतों द्वारा अवैघ रूप से गांव ठाव की जमीन, सरकारी जमीन, गौचर भूमी, पंडित पूजारी और चौकीदारो को दी गयी शासकीय जमीने तथा लिज रेंट पर दी गई भुमियों के प्रमाण पत्र तथा कच्चे एग्रीमेंट से चलते हुए अब रजिस्ट्री नामांतरण तक आ गयी है।

## एक नजर

### जल जीवन मिशन अंतर्गत 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम

## विश्व जल दिवस और कैंप के रजत जयंती वर्ष का आयोजन

**मंदसौर।** रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला नीमच एवं मंदसौर के विभिन्न ग्रामों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान 'जल है तो कल है' एवं 'जल बचाओ, कल बचाओ' जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल संरक्षण एवं सतत जल प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर कम्यूनिटी एक्शन थ्रु मोटिवेशन प्रोग्राम (सीएएमपी) के रजत जयंती वर्ष (25 वर्ष पूर्ण होने) के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन भी किए गए। मध्यप्रदेश जल निगम, नीमच की सहायक संस्था के रूप में कार्यरत सीएएमपी द्वारा नीमच एवं मंदसौर




जिले के लगभग 540 ग्रामों में संचालित जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणजनों के साथ साझा की गई।कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित योजनाओं एवं उनकी सफल उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को जल संरक्षण के महत्व से जोड़ना तथा सतत जल प्रबंधन के प्रति उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करना रहा।

# नीमच

## एक नजर में

### बंटी अग्रवाल बने विहिप अध्यक्ष



**नीमच।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की आवश्यक बैठक विगत दिवस विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा संचालित गौ सेवा केंद्र गौधाम बालाजी मंदिर परिसर विहिप कार्यालय पर संपन्न हुई।जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने नीमच नगर अध्यक्ष के रूप में बंटी अग्रवाल के दायित्व की घोषणा की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में भी विचार विमर्श भी किया गया।

### माहेश्वरी समाज ने निकाली गणगौर की झेल, पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं

**मनासा।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रविवार को गणगौर की पारंपरिक झेल निकाली गई।



झेल में महिलाओं ने स्वयं सजाए हुए कलश सिर पर धारण कर भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने पूरे आयोजन को आकर्षक और भक्तिमय बना दिया। झेल के दौरान भगवान शिव-पार्वती की झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें वे सजी-धजी बग्गी में विराजित थे। झेल द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई द्वारिकापुरी पहुंचकर संपन्न हुई। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा ललिता तोषनीवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणगौर पर्व को बड़े उत्साह और सहयोग के साथ मनाया गया, जिससे आयोजन भव्य और सफल रहा।

### 15 मिनट में लौटूंगा...' कहकर निकला युवक, सुबह आई मौत की खबर - परिजनों का दोस्तों पर गहराया शक

**नीमच।** शहर में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। हुडको कॉलोनी निवासी नरेश चेतनानी शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे घर पर खाना खाने के बाद निकला था। परिजनों के अनुसार वह पूरी तरह सामान्य था। इसके बाद वह टीचर कॉलोनी स्थित अपने मित्र सुनील चौहान के कमरे पर पहुंचा, जहां उस समय सुनील मौजूद नहीं था और नरेश वहीं रुक गया। शनिवार सुबह करीब 8 बजे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने की सूचना मिली। वहां मौजूद लोगों ने उसके परिचित बादल को फोन कर बुलाया। बादल मौके पर पहुंचा और उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नरेश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और समाजजन बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के परिजनो को सोप दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं से जांच जारी है।



## 6 माह से आवारा कुत्तों का आतंक : छात्र घायल शिकायतों के बावजूद नहीं की गई कार्रवाई



**नीमच।** मनासा की गुरुकृपा कॉलोनी में आवारा कुत्तों की समस्या पिछले 6 महीनों से लगातार बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस लापरवाही के कारण क्षेत्र के रहवासियों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।

ताजा मामला 27 फरवरी का है, जब बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र वेदांग सोनी पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। खुद को बचाने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से वह गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। यह घटना कॉलोनी में व्याप्त भय और असुरक्षा की स्थिति को दर्शाती है। पीड़ित छात्र के अनुसार, यह समस्या नई नहीं है। अक्टूबर 2025 में भी उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन समाधान के बजाय उन्हें शिकायत वापस लेने का दबाव झेलना पड़ा। आरोप है कि संबंधित अधिकारी द्वारा पिताजी से मिलकर बात करने जैसी बातें कहकर छात्र को मानसिक रूप से असहज किया गया। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। 21 मार्च 2026 तक हालात जस के तस बने हुए हैं। हाल ही में [illegible] पोर्टल पर की गई शिकायत के बावजूद कॉलोनी में आज भी कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि रोजाना बच्चों का स्कूल जाना और लोगों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो अब लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। रहवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि तत्काल डॉग कैचिंग अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को हटाया जाए और क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत करने वाले नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। इस पूरे मामले में नगर परिषद के संबंधित अधिकारी लोकेन्द्र साधू से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया, जिसके चलते उनका पक्ष सामने नहीं आ सका।

### ईद के उपलक्ष्य पर नगर परिषद द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्था

**जावद।** नगर परिषद अध्यक्ष सोहान माली उपाध्यक्ष सूचित सोनी नगर परिषद सीएमओ जग जीवन शर्मा वार्ड क्रमांक 09 पार्षद प्रतिनिधि जाहिद कुंडलावाला के आदेशानुसार ईद के उपलक्ष्य में ईदगाह कब्रिस्तान ओर ईदगाह आने वाले मार्ग पर करवाई गई विशेष साफ सफाई हर साल की तरह इस साल भी लाइट पानी की भाजपा पार्षद प्रतिनिधि जाहिद कुंडलावाला की मोजूदगी में करवाई बेहतरीन व्यवस्था विशेष तौर ईद की नमाज पढ़े जाने के दौरान हर साल की तरह इस साल भी ईदगाह परिसर के बाहर प्रशासन के लिये टेंट लगवाया ओर पानी के कैम्पर रख करवाए माकूल इंतजाम प्रशासन का रहा सराहनीय सहयोग प्रशाशन रहा मुस्तैद! ईदगाह परिसर के बाहर प्रशासनिक अमला सुरक्षा और व्यवस्था के लिए एसडीएम प्रीति संघवी नाहर, एसडीओपी रोहित राठौर, थाना प्रभारी विकास पटेल, तहसीलदार नवीन गर्ग, पटवारी कन्हैया लाल खेमवानी, एस आई टी आर चौहान, हेड कांस्टेबल रवि पांडे सहित अन्य पुलिस बल रहा मौजूद, नगर परिषद अध्यक्ष सोहन माली, उपाध्यक्ष सूचित सोनी, सीएमओ जग जीवन शर्मा, सहित शासन प्रशासन, का पार्षद प्रतिनिधि जाहिद कुंडलावाला और मुस्लिम समाज जन द्वारा माना आभार बेहतरीन व्यवस्था के लिए दिया धन्यवाद।

## उच्च शिक्षा को लगे नए पंख : विधायक परिहार के प्रयासों से मिली 2.83 करोड़ की सौगात

**नीमच।** क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास को एक नई गति देते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार के प्रयासों से स्वामी विवेकानंद कॉलेज, नीमच को 2.83 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है। इस राशि से कॉलेज परिसर में दो आधुनिक सेमिनार हॉल, दो प्रयोगशालाएं एवं दो स्टाफ कक्षों का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विधायक परिहार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा की मांग पर विधायक श्री परिहार ने विधानसभा सत्र के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री से यह आग्रह भी किया कि कॉलेज में बी.एड, एम.सीए एवं एम.बीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम जल्द प्रारंभ किए जाएं, ताकि नीमच जिले के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े और वे अपने ही शहर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। नीमच में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत मिश्रा, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को विधायक श्री परिहार ने हार्दिक बधाई देते हुए निर्माण कार्य का भूमि पूजन शीघ्र कर इसे विद्यार्थियों को समर्पित किए जाने की बात कही है।



## एक नजर

### परिजन का आरोप - सीसीटीवी फुटेज खोलेंगे पुलिस की कार्रवाई की पोल, विश्वकर्मा जांगिड़ समाज ने खोला मोर्चा

## अफीम केस में 'असली आरोपियों' को बचाने की साजिश, ज्ञापन सौंपा

**नीमच।** जिले में नारकोटिक्स विंग की एक कार्रवाई को लेकर विश्वकर्मा जांगिड़ (सुथार) समाज ने मोर्चा खोल दिया है। समाज का आरोप है कि विभाग ने एक निर्दोष व्यक्ति को साजिश के तहत फंसाया है, जबकि असली आरोपियों को साठगांठ कर बचा लिया गया। रविवार को समाजजनों ने पुलिस महानिदेशक के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है।

समाज के लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने दावा किया कि प्रारंभिक जांच में जिन लोगों के नाम सामने आए थे, उन्हें मिलीभगत कर मामले से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह नीमच सिटी निवासी निरंजन सुथार को आरोपी बनाया गया है। ज्ञापन में निखिल, पवन और आर्यन नामक व्यक्तियों पर आरोप लगाया गया है कि वे खुद को बचाने के लिए निरंजन को उसकी दुकान से बुलाकर साथ ले गए और उसे इस मामले में घसीट लिया।

**सीसीटीवी फुटेज से बेगुनाही का दावा:** समाज का कहना है कि इस पूरी घटना के पुख्ता वीडियो फुटेज उपलब्ध हैं। यदि सीसीटीवी साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच की जाए, तो निरंजन की बेगुनाही साबित हो जाएगी।



### भाई का आरोप- साइन करने का बनाया दबाव

निरंजन के भाई जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उनका भाई 20 तारीख की शाम से लापता था और उसका मोबाइल बंद था। अगले दिन दोपहर में पता चला कि वह नारकोटिक्स विंग की हिरासत में है। जितेंद्र का आरोप है कि जब वे वहां पहुंचे, तो उनसे केवल साइन करने को कहा गया और यह भी बताया गया कि 2 किलो 800 ग्राम अफीम की जगह केवल 1 किलो का ही केस बनाया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कलेक्टर और एसपी को भी शिकायत भेजी गई है।

**अधिकारियों का पक्ष:** इस पूरे विवाद और आरोपों पर नारकोटिक्स विंग प्रभारी तेजेंद्र सेंगर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इधर, विश्वकर्मा समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उच्च स्तरीय जांच कर निर्दोष को न्याय नहीं मिला, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।